तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि कोरबा भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 31 अक्टूबर 2025

[ दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा ]



4 मवेशियों की तस्करी करने वाले भेजे गए जेल




## खबर संक्षेप

### राज्यपाल 3 को आएंगे कोरबा



**कोरबा।** छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका 3 नवम्बर को कोरबा के प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वे आकांक्षी विकासखण्ड कोरबा का निरीक्षण करेंगे और जिले में संचालित विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करेंगे। राज्यपाल प्रवास के दौरान अधिकारियों के साथ बैठक कर विभिन्न विभागों के कार्यों और योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी लेंगे। जिले के आकांक्षी क्षेत्रों के निरीक्षण के दौरान राज्यपाल विकास कार्यों की जमीनी स्थिति का भी अवलोकन करेंगे।

### बेलाकछार में रंगोली प्रतियोगिता कल

**कोरबा।** ग्राम बेलाकछार बालकोनगर राम मंदिर दुर्गा मंदिर के पुल में रखा गया है। तुलसी विवाह के शुभ अवसर पर एकादशी 1 नवंबर को रंगोली कार्यक्रम किया जाएगा। लगातार 14 वर्षों से किया जा रहा है प्रतियोगिता अपना रंगोली स्वयं लेकर आवे प्रथम पुरस्कार 1501 रुपया, दूसरा पुरस्कार 1001 रुपए, तृतीय पुरस्कार 501 रुपए, दोपहर 2 से शाम 6 तक रंगोली बनाएंगे उसके पश्चात 7 निर्णय किया जाएगा।

### सांस्कृतिक दल एवं कलाकार आज करा सकते हैं पंजीयन

**कोरबा।** जिले में 2 नवंबर से 4 नवंबर तक होने वाले तीन दिवसीय राज्योत्सव कार्यक्रम में जिले के सांस्कृतिक दल एवं कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। इसके लिए जिले के सांस्कृतिक दलों एवं कलाकारों का पंजीयन किया जाएगा। पंजीयन के लिए जिले के कलाकारो एवं सांस्कृतिक दलों से आवेदन मंगाए गए हैं। राज्योत्सव-2025 में जिले के प्रतिष्ठित/ख्याति प्राप्त सांस्कृतिक कलाकार जो देशभक्ति, छत्तीसगढ़ी गीत, लोक नृत्य, नृत्य नाटिका, शास्त्रीय संगीत एवं गायन के अंतर्गत अपनी प्रस्तुति देना चाहते हों वे सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग कोरबा में प्रविष्टि भर कर आवश्यक दस्तावेजे सीडी, पेनड्राइव गूगल फॉम में अपलोड/वेबसाईट लिंक (यूट्यूब लिंक इत्यादि) सहित 31 अक्टूबर को शाम 4 बजे तक जमा कर सकते हैं। इस संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए संपर्क नंबर 7869096888 पर संपर्क किया जा सकता है। इसी तरह जिले के प्रतिभावान युवा, विद्यार्थी तथा अन्य लोग जिन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धि हासिल की है उनका राज्योत्सव कार्यक्रम में सम्मान किया जायेगा। वे अपनी जानकारी जिला पंचायत कार्यालय के स्टेनो शाखा में तथा अधिक जानकारी के लिए 9589583878 में संपर्क कर सकते हैं।

### राज्योत्सव का आयोजन 2 से, स्थानीय एवं कलाकार देंगे सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

**कोरबा।** राज्योत्सव का आयोजन 2 से 4 नवम्बर तक किया जाएगा। यह आयोजन ओपन ऑडिटोरियम, घंटाघर चौक, कोरबा में प्रतिदिन शाम को होगा। इस तीन दिवसीय राज्योत्सव का उद्देश्य स्थानीय संस्कृति का संरक्षण, देश की विविध सांस्कृतिक परंपराओं से परिचय तथा पर्यटन की संभावनाओं का प्रचार-प्रसार करना है। कार्यक्रमों में राष्ट्रीय, राज्य एवं स्थानीय स्तर के प्रतिष्ठित कलाकार अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुतियों से समा बाँधेंगे। राज्योत्सव के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की समय-सारिणी के अनुसार, प्रत्येक दिवस के प्रारंभ में जिले के स्थानीय कलाकारों द्वारा लोकनृत्य, नृत्य नाटिका, देशभक्ति गीत, शास्त्रीय संगीत और लोक गायन की प्रस्तुतियाँ होंगी। इसके उपरांत शाम 7.00 बजे से मुख्य अतिथि कलाकार मंच संभालेंगे। 2 नवम्बर दिलीप षडंगी (छत्तीसगढ़ी जस गायक) राज्योत्सव के प्रथम दिवस में प्रसिद्ध छत्तीसगढ़ी लोकगायक दिलीप षडंगी अपनी प्रस्तुति देंगे। वे देवी जस गीतों के लिए अत्यंत लोकप्रिय हैं और उनके भक्ति गीत पूरे प्रदेश में श्रद्धा और भक्ति का वातावरण निर्मित करते हैं।

### अग्रवाल, ब्राह्मण, सिंधी समाज ने सड़क पर उतरकर जताया विरोध

# अमित बघेल का बयान, गरमाया माहौल, कार्रवाई की मांग



कोतवाली थाने के बाहर प्रदर्शन करते समाज के लोग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अमित बघेल के द्वारा दिए गए बयान के बाद कोरबा में भी माहौल गरमा गया है। गुरुवार को जहां शहर में अग्रवाल व सिंधी समाज के लोग बड़ी संख्या में कोतवाली थाना पहुंचे और अमित बघेल के खिलाफ कार्यवाही की मांग को लेकर अपना विरोध जताया है वहीं दूसरी ओर कटघोरा में भी अग्रवाल, सिंधी व ब्राम्हण समाज के लोग सड़क पर उतरे और रैली के माध्यम से अपना विरोध जताया और कटघोरा थाना पहुंचकर अमित बघेल के खिलाफ कार्यवाही की मांग को लेकर एक ज्ञापन सौंपा गया है।

छत्तीसगढ़ जोहर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अमित बघेल के द्वारा विवादित बयान का मामला तुल पकड़ता ही जा रहा है। कोरबा में अग्रवाल समाज एवं सिंधी समाज के लोग गुरुवार को कोतवाली थाना जा धमके और थाने का घेराव कर दिया। समाज के लोगों ने अमित बघेल के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग करते हुए थाने परिसर में बैठकर जमकर हंगामा किया। बाद में जनप्रतिनिधियों ने अमित बघेल के खिलाफ एफआईआर किए जाने की मांग को लेकर जिला पुलिस प्रशासन को ज्ञापन सौंपा है।

उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों अमित बघेल द्वारा एक विवादित बयान दिया गया था। बयान को लेकर अब मामला लगातार तुल पकड़ता ही जा रहा है और विभिन्न समाज के लोगों द्वारा इसका विरोध किया जा रहा है। कड़ी में गुरुवार को अग्रवाल समाज एवं सिंधी समाज के सैकड़ों लोग बड़ी संख्या में दोपहर को कोतवाली पहुंचे और अमित बघेल के खिलाफ एफआईआर करने की मांग को लेकर थाना परिसर के बाहर धरने पर बैठ गए। जहां जमकर नारेबाजी की गई और एफआईआर की मांग की लेकिन मामले को लेकर नगर कोतवाल मोतीलाल पटेल ने समाज के जनप्रतिनिधियों को समझाइश दी और उन्हें बताया कि पूर्व में इस मामले को लेकर रायपुर के एक थाने में एफआईआर दर्ज हो चुका है। समाज द्वारा दिए गए ज्ञापन की कॉपी को कोतवाली पुलिस द्वारा रायपुर भेजी जाएगी और समझाइश इसके बाद किसी तरह मामला शांत हुआ और धरना प्रदर्शन करने के बाद समाज के जनप्रतिनिधि वापस लौट गए।

## कटघोरा में रैली निकाल कर सौंपा ज्ञापन

**कटघोरा।** छत्तीसगढ़ में जोहार छत्तीसगढ़ और छत्तीसगढ़ी क्रांति सेना के प्रदेश अध्यक्ष अमित बघेल के विवादित बयान ने प्रदेश की राजनीति और सामाजिक माहौल में भूचाल ला दिया है। उनके बयान से अग्रवाल और सिंधी समाज में गहरी नाराजगी फैल गई है। दोनों समाजों ने बघेल की टिप्पणी को अभद्र और अपमानजनक बताते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की है।

हाल ही में छत्तीसगढ़ महतारी की मूर्ति खंडन की घटना के बाद जोहार छत्तीसगढ़ और छत्तीसगढ़ी क्रांति सेना के सदस्यों ने विरोध प्रदर्शन किया था। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष अमित बघेल ने अपनी प्रतिक्रिया में अग्रवाल और सिंधी समाज पर आरोप लगाते हुए कहा कि जब छत्तीसगढ़ महतारी की मूर्ति तोड़ी गई, तब यह समाज क्यों सामने नहीं आया। इसी बयान के दौरान उन्होंने समाज के भगवान के प्रति अभद्र टिप्पणी कर दी, जिससे दोनों समाजों में आक्रोश फैल गया। इस विवाद के बाद कोरबा जिले के कटघोरा में स्थिति गरमा गई। अग्रवाल समाज, ब्राम्हण समाज व सिंधी समाज के सैकड़ों लोग अग्रसेन भवन में एकत्रित हुए और वहां से रैली निकालते हुए मुख्य मार्ग होते हुए कटघोरा थाना परिसर पहुंचे। समाज के प्रतिनिधियों ने थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी को ज्ञापन सौंपा और अमित बघेल के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि किसी भी समाज के आराध्य देवता के प्रति अपमानजनक टिप्पणी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। वहीं स्थानीय प्रशासन स्थिति पर



सड़क पर रैली निकालकर प्रदर्शन करते विभिन्न समाज के पदाधिकारी व अन्य।



कटघोरा थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपते समाज के पदाधिकारी।

नजर रखे हुए है और शांति बनाए रखने की अपील की गई है। हालांकि अभी तक पुलिस की ओर से कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। अब देखना होगा कि प्रशासन इस विवाद को सुलझाने के लिए क्या कदम उठाता है और अमित बघेल के खिलाफ क्या कार्रवाई होती है। कटघोरा में आज अमित बघेल के विवादित बयान के खिलाफ आक्रोश रैली में गोपाल शर्मा, सागर मल धनोंदिया, रतन मित्तल, पवन अग्रवाल, अभिषेक गर्ग, रामनाथ अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, प्रभारी अजय धनोदिया,हितेश गुप्ता,संजय अग्रवाल ,कृष्ण गोपाल मित्तल,जयभगवान जिंदल,रमेश गर्ग,बजरंग अग्रवाल,विजय गर्ग, ⏭ शेष पेज 3 पर

# सहकारी समिति के प्रबंधकों ने धान खरीदी के लिए आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया बहिष्कार



प्रशिक्षण का बहिष्कार करते प्रबंधक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

चार सूत्रीय मांगों को लेकर छत्तीसगढ़ सहकारी कर्मचारी संघ के चरणबद्ध आंदोलन के तहत संघ ने कलेक्ट्रेट में आज आयोजित किए गए प्रशिक्षण शिविर कार्यक्रम का बहिष्कार कर दिया। जिसकी वजह से कोई भी प्रबंधक प्रशिक्षण शिविर में शामिल नहीं हुआ। प्रबंधकों का कहना है कि यदि उनकी मांगों को माना नहीं गया तो आने वाले दिनों में और उग्र आंदोलन किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि पूरे प्रदेश में 15 नवंबर से धान खरीदी की जानी है। इसके लिए जिला स्तर में कलेक्ट्रेट में सहकारी समिति के प्रबंधकों को धान खरीदी के संबंध में जानकारी देने गुरुवार को प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया था। बड़ी संख्या में जिले के सहकारी समिति के प्रबंधक प्रशिक्षण शिविर में शामिल होने तो पहुंचे लेकिन कोई भी प्रबंधक प्रशिक्षण शिविर में शामिल होने के लिए कक्ष के भीतर नहीं गया यही नहीं इस कार्यक्रम का उन्होंने जमकर विरोध भी किया। उल्लेखनीय है कि सहकारी समिति के प्रबंधक अपनी चार सूत्रीय मांगों को लेकर अपनी आवाज बुलंद कर रहे हैं और चरणबद्ध आंदोलन कर रहे हैं। प्रबंधकों का कहना है कि यदि उनकी मांगों पर विचार नहीं किया गया तो रायपुर महासंघ छत्तीसगढ़ सहकारी समिति के तत्वाधान में जिले स्तर में भी उग्र आंदोलन किया जाएगा।

### ये है मांग

- सहकारी समितियों में आउट सोर्सिंग से डाटा एंट्री ऑपरेटर की भर्ती बंद कर नियमितिकरण किया जाए।
- प्रदेश के सहकारी समिति के कर्मचारियों को वेतनमान देने हेतु प्रत्येक वर्ष प्रत्येक समिति को 3-3 लाख रुपए की प्रबंधकीय अनुदान।
- धान खरीदी वर्ष 2023-24, 2024-25 में हुई सूखद मान्य कर उसकी राशि समितियों को दी जाए। प्रदेश सरकार की भांति पीडीएस दुकानदारों को प्रतिमाह 3 हजार रुपए ।
- पांडेय कमेटी की रिपोर्ट के तहत संस्था के दैनिक/संविदा कर्मचारियों को समिति की सीधी भर्ती में प्राथमिकता/बोनस अंक अनिवार्य किया जाए।

# साइबर आपदा प्रबंधन से राज्य के बिजली घर सुरक्षित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विश्व साइबर सुरक्षा माह के समापन सत्र में छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी के प्रबंध निदेशक एसके कटियार के मार्गदर्शन में वीसी के माध्यम से मुख्यालय एवं राज्य बिजलीघरों के प्रमुखों एवं उच्च अधिकारियों को साइबर सुरक्षा जनजागरूकता अभियान की विस्तृत जानकारी दी गई। श्री कटियार ने उद्बोधन में कहा कि आईटी विभाग की सतत निगरानी और साइबर संकट प्रबंधन संयंत्र के गठन से हमारे सिस्टम एवं बिजलीघर सुरक्षित हैं। इंफॉरमेशन टेक्नोलॉजी विभाग द्वारा पॉवर पाइंट के माध्यम से जनरेशन कंपनी में साइबर सुरक्षा को सुदृढ़ और सख्त बनाने हेतु प्रयासों की समीक्षा, मुख्यालय एवं क्षेत्रीय स्तर पर साइबर सुरक्षा के लिए संगठनात्मक संरचना एवं क्रियान्वयन, प्रबंधन स्तर की निगरानी एवं बिजलीघरों मे साइबर जोखिम जैसे विषयों पर विस्तृत जानकारियां दी गई। इस अवसर पर टेबल कैलेंडर का भी विमोचन किया गया। जिसमें साइबर सुरक्षा संबंधित टीप दी गई है। केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण के दिशानिर्देश पर अक्टूबर माह में छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादनकंपनी राज्य के मुख्यालय एवं विभिन्न बिजलीघरों में जागरूकता अभियान चलाया गया। कर्मियों को जागरूक बनाने के साथ-साथ सावधानी बरतने के लिए आह्वान किया गया। इस कार्य के लिए कटियार ने ईडी ओएंडएम एमएस कंवर, अतिरिक्त मुख्य अभियंता गुलाब गंगवानी, श्रीमती अमिता बारा, महेन्द्र देवांगन और पूरी टीम को बधाई दी।

### खास बात

- विद्युत कंपनी के एमडी ने वीसी के माध्यम से साइबर सुरक्षा की दी जानकारी



साइबर सुरक्षा की जानकारी देते अधिकारी।

# युवक के सिर पर वार कर मोबाइल व नगदी की लूट

**कोरबा।** बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत त्रिपाठी आटा चक्की के पास भदरापारा बालको निवासी अनिल कुमार राठौर उम्र -37 वर्ष पिता दशरथ प्रसाद राठौर ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह फोटोग्राफर का काम करता है। 28 अक्टूबर की रात शादी समारोह में फोटोग्राफी करने पिली कोठी कोरबा गया था। जहां काम समाप्त कर रात्रि करीबन 2 बजे कोरबा से अपने घर भदरपारा बालको आने के लिए अपने मोटर सायकल एसपी साइन क्रमांक सीजी 12 बीके 4340 में अकेले निकला था मैं जैसे ही लालघाट के पास रोड किनारे एक चिकन दुकान के पास पहुंचा था तब रात्रि के लगभग 2:20 बजे एक मोटर सायकल में तीन युवक सवार होकर अनिल के समीप पहुंचे और अचानक किसी चीज से अनिल के सिर में मार दिए जिससे अनिल मोटर सायकल सहित रोड किनारे गिर गया और बेहोश हो गया। 10-15 मिनट बाद जब अनिल को होश आया तो देखा की उसके सिर से खून निकल रहा था तथा अनिल का वीवो मोबाईल तथा पर्स में रखे लगभग 1 हजार रुपए नगद तथा एटीएम कार्ड, आधार कार्ड, पेन कार्ड एवं मेरा ड्राविंग लाइसेंस आदि को ले भागे हैं। अनिल की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

# करमंदी व जोगीपाली में 34 अवैध फर्जी वनाधिकार पट्टा निरस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर अजीत वसंत ने कोरबा विकासखंड के ग्राम करमंदी व करतला विकासखंड के ग्राम जोगीपाली में अवैधानिक तरीके से कूटरचित कर तैयार किए गए 34 फर्जी वनाधिकार पट्टा को निरस्त किया है। साथ ही उक्त भूमि को पूर्ववत छत्तीसगढ़ शासन मद में दर्ज कर राजस्व अभिलेख दुरुस्त करने तहसीलदार को आदेशित किया है। जिसके तहत ग्राम करमंदी में 29 फर्जी वनाधिकार पट्टा एवं ग्राम जोगीपाली में 5 वनाधिकार पट्टा को निरस्त किया है।

कलेक्टर ने ग्राम करमंदी के ग्रामीणों द्वारा कलेक्टर जनचौपाल में प्रस्तुत शिकायत के आधार पर जारी अवैधानिक पट्टों में अधिकारियों का हस्ताक्षर प्रथम दृष्टया फर्जी व बनावटी होने से दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर फर्जी पट्टे को निरस्त करने हेतु एसडीएम कोरबा व सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग को निर्देश दिए थे। एसडीएम कोरबा व एसी ट्राइबल से प्राप्त जांच प्रतिवेदन के आधार पर ग्राम कर मंदी में 29 व्यक्तिगत वन अधिकार पत्र कूटरचित कर बनाया जाना सही पाया गया। जिसको निरस्त करते हुए कूटरचित वन अधिकार पत्र को पटवारी के कम्प्यूटर में दर्ज की गई ऑनलाइन व्यवस्था से हटाने एवं जब्ती की कार्यवाही जिला प्रशासन द्वारा की गई है एवं उक्त भूमि को पूर्ववत राजस्व अभिलेखों में शासकीय भूमि बड़े झाड़ के जंगल मद में दर्ज किया गया हैं। साथ ही दोषी व्यक्तियों के पर कानूनी कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है। ग्राम जोगीपाली के आवेदक तेजराम व अन्य ग्रामीणों द्वारा ग्राम के खसरा नंबर 29 बड़े झाड़ के जंगल मद में दर्ज भूमि पर वनाधिकार पट्टा प्रदाय करने एवं फर्जी वनाधिकार पट्टा को निरस्त किए ⏭ शेष पेज 3 पर

### जगह जगह होंगे विविध कार्यक्रम

# जिले के सभी थाना व चौकी क्षेत्र में हजारों लोग आज लगाएंगे एकता के लिए दौड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर जिले में रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया है। जिसमें नागरिक भाग लेंगे और देश की अखंडता, सुरक्षा और एकता का संकल्प लेंगे। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर जिले के सभी थाना और चौकी क्षेत्र में पुलिस द्वारा रन फॉर यूनिटी एकता के लिए दौड़ आयोजित किया गया है। जिसके लिए सभी थाना चौकी में जोर-शोर से तैयारी की गई है।

उल्लेखनीय है कि लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर 31 अक्टूबर को पूरे देश में रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस अवसर पर देशवासियों से आह्वान किया है कि वे राष्ट्रीय एकता दिवस पर आयोजित इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लेकर एकता, अखंडता तथा भाईचारे का संदेश दें। इस कड़ी में जिले में भी जिला पुलिस द्वारा विशेष आयोजन किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने जिले के सभी थाना और चौकी प्रभारी को निर्देश जारी किया है कि थाना और चौकी क्षेत्र में रन पर यूनिटी एकता के लिए दौड़ आयोजित किया जाए इसके लिए सभी थानेदारों ने अपने-अपने थाने स्तर पर दौड़ आयोजित किया है। जहां शुक्रवार की सुबह 7 रन पर यूनिटी को आयोजित किया गया है। इस कड़ी में दीपका थाना प्रभारी प्रेमचंद साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि रन फॉर यूनिटी के लिए इस बार थाने स्तर पर तैयारी की गई है। उन्होंने बताया कि सुबह 7 बजे थाना परिसर से दौड़ शुरू होगी जो सीनियर क्लब एसईसीएल तक दौड़ लगाई जाएगी। लगभग डेढ़ किलोमीटर तक के दौड़ लगाई जाएगी। दौड़ संपन्न होने के बाद सीनियर क्लब में भाषण प्रतियोगिता आयोजित किया गया है। इसके अलावा थाना परिसर में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। साथ ही थाना परिसर व उसके आसपास विभिन्न स्थानों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों के माध्यम से वृक्षारोपण भी किया जाएगा। इसी तरह कटघोरा नगर में भी इस अवसर पर एकता दौड़ का भव्य आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम कटघोरा थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी के नेतृत्व में संपन्न होगा। आयोजन की तैयारी पूरी कर ली गई है और नगर के सभी स्कूलों, छात्रावासों तथा विभिन्न विभागों को इसमें शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है।




दीपका थाने में इस तरह की गई है तैयारी।

### गोंडवाना पार्टी ने मनाया स्वाभिमान दिवस

**कोरबा।** जिले के तिवरता गांव में गोंडवाना आंदोलन और जनजागरण के अग्रणी केंद्र में स्व.दादा हीरासिंह मरकाम की पंचम पुण्यतिथि के अवसर पर गोंडवाना स्वाभिमान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पाली-तानाखार के विधायक तुलेश्वर हीरासिंह मरकाम, गोंडवाना आंदोलन से जुड़े सैकड़ों कार्यकर्ता, आदिवासी संगठनों के प्रतिनिधि और आम नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके समाजहित में किए गए योगदान को याद किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक तुलेश्वर सिंह मरकाम ने कहा कि दादा हीरासिंह मरकाम ने हमेशा मूल निवासी समाज के हक और सम्मान के लिए संघर्ष किया।

## खबर संक्षेप

### डिवीजन के एडीआरएम बने श्रीनिवास और मीना



**बिलासपुर।** रेल मंडल बिलासपुर के एडीआरएम के पद पर जेएस मीना और के श्रीनिवास ने पदभार ग्रहण कर लिया है। अतिरिक्त मंडल रेल प्रबंधक जेएस मीना भारतीय रेलवे भंडार सेवा आईआरएसएस के 2004 के अधिकारी हैं और पूर्व में वे पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर में मुख्य भंडार प्रबंधक पर पदस्थ थे। वहीं एडीआरएम के श्रीनिवास भारतीय रेलवे यांत्रिक अभियांत्रिकी सेवा आईआरएसएमई के 2006 बैच के अधिकारी हैं। इससे पूर्व वे दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन मुख्यालय में चीफ रोलिंग स्टॉक इंजीनियर के पद पर पदस्थ थे। दोनों अफसरों के पदभार ग्रहण के दौरान डिवीजन के सभी शाखा अधिकारी उपस्थित थे।

### सतर्कता जागरूकता सप्ताह पर नुक्कड़ नाटक

**बिलासपुर।** रेलवे में सतर्कता जागरूकता सप्ताह पर संगोष्ठी और नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। सुबह 10.30 बजे नुक्कड़ नाटक के माध्यम से रेल स्टाफ ने सतर्कता एक साझा जिम्मेदारी के संदेश को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। इस अवसर पर जोन के महाप्रबंधक तरूण प्रकाश, मुख्य सतर्कता अधिकारी मनोज गुरुमुखी सहित वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। 11.30 बजे संगोष्ठी में मुख्य अतिथि एवं वक्ता डॉ. श्रीमती प्रवीण कुमारी सिंह, पूर्व अपर सचिव केन्द्रीय सतर्कता आयोग ने सतर्कता के विभिन्न आयामों पर अपने विचार व्यक्त किए। महाप्रबंधक तरूण प्रकाश ने कहा कि सतर्कता की भावना को केवल इस सप्ताह तक सीमित न रखकर अपने दैनिक कार्य संस्कृति का अभिन्न अंग बनाना आवश्यक है।

### अभद्र टिप्पणी का विरोध करने पर जमकर मारपीट

**बिलासपुर।** अभद्र टिप्पणी का विरोध करने पर छात्रा व युवक के साथ जमकर मारपीट की गई। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, चांपा की रहने वाली एक छात्रा मोपका निखिल टावर में किराए के मकान में रहकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रही है। 29 अक्टूबर की रात 8.30 बजे वह नीचे कुछ सामान लेने गई थी। इसी दौरान हरेश सिंह ने उन पर अभद्र टिप्पणी की, वे एतराज करते हुए अपने रूम में चली गईं। उसके बाद केयर टेकर पुनीत साहू ने उन्हें कहा हास्टल संचालक निखिल पासवान बुला रहा है। वे बातचीत करने के लिए नीचे गई तो निखिल के साथ कुछ लोग खड़े हुए थे। निखिल पासवान ने उन्हें गाली देते हुए मकान खाली करने कहा। उन्होंने गाली देने से मना किया तो गुस्से में आकर निखिल ने जान से मार देने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का से जमकर मारपीट की। फिरोज खान छात्रा की मदद करने आया तो उसके साथ भी मारपीट की गई। पुलिस ने छात्रा की रिपोर्ट पर हरेश सिंह, निखिल पासवान, मेहुल निखर के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 296, 3, 5, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

---


**डाक्टरों ने कहा - एक से दो हफ्ते में हो रहा है ठीक** | **कमजोर इम्यूनिटी व लापरवाही करने पर बढ़ता है खतरा**

# खराब मौसम में राइनो वायरस का खतरा, गले में इनफेक्शन और एलर्जी बढ़ा रही समस्या

**बिलासपुर।** चक्रवाती तूफान मोंथा कहर बरपा रहा है, भले ही जिले में तूफान का असर कम दिख रहा है, लेकिन मौसम में आए बदलाव के बाद लोगों की तबीयत खराब हो रही है।

सर्दी जुकाम के साथ ही राइनो वायरस का खतरा बढ़ चुका है। लोगों को गले में श्वसन क्रियाओं को प्रभावित कर रहा है, इससे प्रभावित लोगों को जबरदस्त खांसी, आवाज में भारीपन और गले में दर्द की शिकायत हो रही है। डाक्टर वायरस से बचने के लिए एतिहात बरतने की सलाह दे रहे हैं। मौसम की मार लोगों को बीमार कर रही है, अचानक हुए बदलाव के कारण बीमारियां फैल रही हैं। पिछले 3 दिनों से बदली छाई हुई और सूरज की दस्तक काफी कम है। ऐसे में संक्रमण का दौर शुरू हो चुका है। बताया जा रहा है कि खराब मौसम की वजह से राइनो वायरस लोगों को अपनी चपेट में ले रहा है। सामान्य सर्दी व खांसी के साथ ही वर्तमान में इस वायरस के चपेट में लोग जल्द ही पड़ रहे हैं। डाक्टरों का कहना है कि बदलते मौसम में इस वायरस का प्रभाव बढ़ जाता है, जिसके चलते गले में इंफेक्शन, दर्द और जलन की समस्या होती है। यह खांसने और छींकने से फैल भी सकता है। ऐसे में डाक्टर लोगों को सावधानी बरतने के बात कह रहे हैं। सिम्स में इन दिनों सर्दी खांसी और इंफेक्शन के मरीज की संख्या अचानक बढ़ चुकी है, रोजाना 300 से अधिक मरीज इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। डाक्टरों का कहना है कि यह वायरस 1 से 2 हफ्ते तक अपना असर दिखाता है, इसके बाद ठीक भी होने लगता है।

### रात तक होती रही बारिश



मौसम के तेवर गुरुवार को भी बदले रहे। तूफान के प्रभाव से सुबह से आसमान पर घने बादल छाए रहे, दिन में कई बार बूंदाबांदी हुई, वहीं रात में बारिश शुरू हो गई। कभी हल्की तो कभी तेज बारिश होने से शहर तरबतर हो गया।मौसम विभाग के अनुसार आगामी 24 घंटे के दौरान कई स्थानों पर बारिश हो सकती है।

### इम्यूनिटी सिस्टम को करें बेहतर

डाक्टरों के अनुसार मरीजों को बाहर के खाने बचना चाहिए, वहीं ठंड और बांसी खाना इस बीमारी को बढ़ा सकता है। वहीं कम इम्यूनिटी वाले लोगों के लिए खांसी काफी तकलीफदायक साबित होती है। ऐसे में खांसी और एजर्ली होने पर तत्काल डाक्टर की सलाह लेकर इलाज शुरू करना ही समस्या का निदान हो सकता है।

### बरतनी चाहिए सावधानी

बदलते मौसम में खास तौर का वायरस एक्टिवेट हो जाता है। इसे राइनो वायरस कहते हैं। यह गले और सांस की समस्या को बढ़ा देता है। वर्तमान में मौसम बहुत ही प्रतिकुल बना हुआ है। मरीजों को इलाज के साथ ही सावधानी भी बरती चाहिए।

**-विद्याभूषण साहू,** एसोसिएट प्रोफेसर, ईएनटी

---

**प्रशासनिक भवन के सामने तीन घंटे तक छात्रों ने जमकर नारेबाजी के साथ किया प्रदर्शन**

# छात्र की संदिग्ध मौत मामले में छात्र-छात्राओं ने सेंट्रल यूनिवर्सिटी का किया घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के छात्र-छात्राएं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के बैनर तले गुरुवार को यूनिवर्सिटी का घेराव किया। हास्टल में रहने वाले छात्र की संदिग्ध मौत मामले को लेकर आक्रोशित छात्रों ने करीब तीन घंटे तक प्रशासनिक भवन के सामने धरना प्रदर्शन नारेबाजी करते रहें। इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिस बल भी मौके पर तैनात रही। आखिरकार प्रभारी कुलपति प्रो. अमित सक्सेना बाहर आए और आंदोलनरत छात्रों से बात की उसके बाद ही घेराव समाप्त हुआ।

■ **आंदोलनरत छात्रों से प्रभारी कुलपति ने आकर की बात**

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के छात्र-छात्राएं हास्टल में रहने वाले छात्र अर्सलान अंसारी की संदिग्ध मौत मामले में दिवंगत छात्र को न्याय दिलाने के मुद्दे को लेकर आज यूनिवर्सिटी में घेराव किया। सुबह करीब 11 बजे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के बैनर तले यूनिवर्सिटी के छात्र-छात्राएं एकत्रित होकर नारेबाजी करते हुए प्रशासनिक भवन पहुंचे, जहां पहले ही यूनिवर्सिटी के सुरक्षा गाड्र्स ने गेट पर ताला जड़ दिया था। घेराव की सूचना मिलने पर बड़ी संख्या में पुलिस बल भी प्रशासनिक भवन के बाहर तैनात थी। आंदोलनरत छात्रों की भीड़ प्रशासनिक भवन के भीतर जाने की कोशिश की, किन्तु पुलिस बल और यूनिवर्सिटी के गार्डस ने उन्हें रोक दिया। इस पर छात्र-छात्राएं वहीं प्रशासनिक भवन के सामने धरना पर बैठ गए और यूनिवर्सिटी प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। इस बीच यूनिवर्सिटी प्रबंधन की ओर से कई लोगों ने आकर छात्रों को समझाने की कोशिश की, किन्तु छात्रों को घेराव प्रदर्शन जारी रहा। इसके बाद यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार प्रो. एएस रणदिवे अधिकारियों के साथ वहां छात्रों से चर्चा करने पहुंचे, किन्तु आक्रोशित छात्रों ने उनसे चर्चा करने से यह कहते हुए इनकार कर दिया कि कुलपति प्रो. आलोक चक्रवाल खुद बाहर आकर उनसे बात करें। अधिकारियों ने बताया कि कुलपति बाहर गए है यूनिवर्सिटी में नहीं है। उसके बाद प्रभारी कुलपति प्रो. अमित सक्सेना ने आकर छात्रों से मिलें और प्रदर्शन कर रहें छात्रों ने उनके समक्ष अपनी बातें रखी। करीब तीन घंटे तक घेराव के बाद छात्रों का प्रदर्शन समाप्त हुआ।



सीयू का घेराव करते अभाविप के पदाधिकारी व विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राएं।

### छात्रों ने रखी ये चार मांगे

सेंट्रल यूनिवर्सिटी का घेराव करने वाले छात्र-छात्राओं ने चार मांगे रखी है। इसमें छात्र की संदिग्ध मौत मामले पर विशेष जांच कराई जाए, जिसमें रिटायर्ड जज, छात्र के अभिभावक प्रतिनिधि, आईपीएस अधिकारी, गणमान्य नागरिक व छात्र प्रतिनिधि की कमेटी गठित की जाए। छात्रों ने घेराव के दौरान विंग वार्डन, चीफ वार्डन और यूनिवर्सिटी की सुरक्षा अधिकारी पर कार्रवाई करते हुए निलंबित किए जाने की मांग रखी है। इसी तरह मृतक छात्र के परिजन को आर्थिक मुआवजा एवं न्यायिक सहायता प्रदान की जाए।

### सीयू प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद यूनिवर्सिटी इकाई अध्यक्ष तुषार साहू ने कहा कि हास्टल के अधिकारियों की घोर लापरवाही सामने आई है। उन्होंने हास्टल में सही तरीके से ड्यूटी नहीं की और न ही समय रहते लापता का एफआईआर कराया है जो संवेदनहीनता को प्रदर्शित करता है। यूनिवर्सिटी इकाई मंत्री प्रसून पाठक ने कहा कि यूनिवर्सिटी प्रशासन की दिखावटी व्यवस्था के कारण हमने एक मेधावी छात्र को खो दिया है। स्वार्थपरता के कारण छात्र को और उसके परिवार को अब तक न्याय नहीं मिल पाया है। यूनिवर्सिटी इकाई अध्यक्ष अविनाश ने कहा कि यह घटना यूनिवर्सिटी की सुरक्षा और निगरानी व्यवस्था पर प्रश्नचिन्ह खड़ा करती है। यूनिवर्सिटी में छात्र का शव मिलना अत्यंत गंभीर विषय है जिसकी पूरी पारदर्शिता से जांच होनी चाहिए। आज घेराव के दौरान अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद विभाग संयोजक हेमांशु कौशिक, महानगर मंत्री अतिंद्र दीवान, आराध्य तिवारी, जितेन्द्र साहू, शास्वत शुक्ला, शानू वैष्णव, राहुल, मानसी, राशि हिमांशु प्रधान, समीर, रश्मि मोहित राय सहित यूनिवर्सिटी के छात्र-छात्राएं शामिल रहें।

---

**रींवा और नर्मदा एक्सप्रेस**

# किराया एक्सप्रेस का और सुविधा पैसेंजर की तरह



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जोनल रेलवे स्टेशन से चलने वाली मुख्य दो ट्रेनें नर्मदा और रींवा एक्सप्रेस हैं, जिसमें एक्सप्रेस की तरह यात्रियों से किराया भी लिया जा रहा है। उसके बाद भी दोनों ट्रेन की चाल लोकल की तरह है, जो लोकल की तरह सभी छोटे-छोटे स्टेशनों में रूक-रूककर अपने गंतव्य तक पहुंच रही है।

■ **पूरा किराया लेने के बाद भी यात्रियों को नहीं मिल रही है सुविधाए**

बिलासपुर रेलवे स्टेशन से कटनी की ओर जाने वाली दो मुख्य ट्रेनें हैं, जिसमें पहली ट्रेन बिलासपुर से रींवा के बीच और दूसरी ट्रेन बिलासपुर से इंदौर जाने वाली नर्मदा एक्सप्रेस है। इन दोनों ट्रेनों में अनूपपुर, शहडोल, उमरिया और कटनी मुड़वारा सहित मैहर, सतना सहित इंदौर की ओर जाने वाले यात्रियों की काफी भीड़ रहती है। बिलासपुर से इंदौर के बीच चल रही नर्मदा एक्सप्रेस को शुरु से ही एक्सप्रेस बनाकर रेल प्रशासन चला रही है, लेकिन वर्तमान में चल रही बिलासपुर-रींवा एक्सप्रेस का पहले बिलासपुर-रींवा पैसेंजर बनकर परिचालन किया जा रहा था। यह ट्रेन बिलासपुर से रवाना होने के बाद उसलापुर, करगीरोड, घुटकू, सल्कारोड, बेलगहना, टेंगनमाड़ा, खोंगसरा, भनवारटंक, खोडरी, सारबहरा, पेण्ड्रारोड, वेंकटनगर, जैतहरी, अनूपपुर जंक्शन, अमलाई, बुढ़ार, छादा, शहडोल, बिरसिंहपुर, उमरिया, चंदिया रोड, कटनी जंक्शन, अमदारा, मैहर, उछेरा, सतना जंक्शन, तुरकी रोड होकर रींवा दूसरे दिन सुबह 5 बजकर 50 मिनट पर पहुंचती है। दो साल से बिलासपुर-रींवा पैसेंजर को एक्सप्रेस बनाकर चलाना शुरु कर दिया है। इस ट्रेन में एक्सप्रेस बनाने के साथ ही स्लीपर और एसी थ्री कोच की संख्या भी बढ़ा दी गई है, ताकि यात्रियों को एक्सप्रेस की तरह ट्रेन में सफर करने का अनुभव हो सके। इसी तरह का हाल बिलासपुर से कटनी मुड़वारा की ओर जाने वाली नर्मदा एक्सप्रेस का भी है। यह ट्रेन बिलासपुर से एक्सप्रेस बनकर इंदौर की ओर सुबह 11.15 बजे रवाना होती है, लेकिन एक्सप्रेस की बजाय लोकल की तरह ट्रेन का स्टापेज उसलापुर, घुटकू, करगीरोड, बेलगहना, खोंगसरा, पेण्ड्रारोड, जैतहरी, अनूपपुर जंक्शन, अमलाई, बुढ़ार सहित अन्य छोटे स्टेशन में किया जा रहा है। दोनों ट्रेनों में रेल प्रशासन किराया तो एक्सप्रेस की तरह यात्रियों से वसूल कर रही है, लेकिन यात्रियों को ट्रेन में सफर करने की सुविधा लोकल की तरह मिल रही है।

### दोनों ट्रेनों में रहती है वेटिंग

रींवा एक्सप्रेस और नर्मदा एक्सप्रेस दोनों जोन की ऐसी ट्रेन हैं, जिसमें यात्रियों की काफी भीड़ रहती है। इंदौर की ओर जाने वाली नर्मदा एक्सप्रेस एकमात्र ट्रेन है, जिसका स्टापेज जबलपुर, मदन महल, सोहागपुर, इटारसी, रानी कमलापति, भोपाल जंक्शन, सिहोर और उज्जैन में भी होती है। इसकी वजह से इस ट्रेन में जाने वाले यात्रियों की संख्या अधिक होने के कारण वेटिंग का आंकड़ा भी 50 से अधिक का रहता है। स्लीपर और एसी कोच में जगह नहीं मिलने के कारण मजबूरी में यात्री जनरल कोच में लटककर सफर करते हैं।

### डायवर्ट रूट और विलंब छोड़ी गई ट्रेनें

**बिलासपुर।** चक्रवाती तूफान मोथा का असर ट्रेनों के परिचालन में भी पड़ा है। तूफान की वजह से रेल प्रशासन ने संबंधित स्टेशन से बिलासपुर की ओर आने वाली ट्रेनों का रूट डायवर्ट करने के साथ विलंब से रवाना किया गया, जिसकी वजह से जोनल स्टेशन में आने वाली ट्रेन भी घंटो विलंब से पहुंचने से यात्री परेशान होते रहे। रेल प्रशासन ने चक्रवती तूफान के कारण दूसरे रेलवे से चलने वाली ट्रेनों को संबंधित स्टेशनों में नियंत्रित करने का आदेश जारी कर दिया था। 28 अक्टूबर मंगलवार के बाद 29 अक्टूबर बुधवार को दोनों दिन तूफान मोथा की वजह से रेल परिचालन प्रभावित हुआ।

---

## पेमेंट का फर्जी मैसेज दिखाकर की ठगी, युवक को व्यापारियों ने पकड़कर पुलिस को सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मोबाइल में पेमेंट का फर्जी मैसेज दिखकर काजू, किशमिश, तेल खरीदने वाले युवक को व्यापारियों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है।



पिछले कुछ दिनों से एक युवक रतनपुर क्षेत्र में काजू, किशमिश, टेल का टिन, फल खरीदकर अपने मोबाइल में पेमेंट करने का मैसेज दिखाकर व्यापारियों को चूना लगा रहा था। बाद में व्यापारियों ने अपना बैंक एकाउंट चेक किया तो पैमेंट नहीं हुआ था। गुरूवार को उक्त युवक फिर से अमित अग्रवाल व राजेश गुप्ता के किराना दुकान में आया और तेल खरीदकर अपने मोबाइल में पेमेंट का मैसेज दिखाकर तेल लेकर जाने लगा। व्यापारियों ने बैंक का रिकार्ड देखे तो पेमेंट नहीं हुआ था। व्यापारियों ने उसे पकड़ लिया। इसी दौरान बड़ी संख्या में व्यापारी आ गए और उन्होंने बताया पूर्व में उक्त युवक के द्वारा उनसे सामान खरीदकर अपने मोबाइल में पेमेंट का मैसेज दिखाकर निकल गया था। जबकि उनके बैंक खाते में पेमेंट नहीं आया था। पकड़ा गया युवक कोटा राम मंदिर चौक निवासी अनमोल शर्मा पिता देनिश शर्मा 30 साल है। व्यापारियों ने युवक को पकड़कर रतनपुर पुलिस के हवाले कर दिया।

व्यापारियों के द्वारा रिपोर्ट नहीं लिखाने पर पुलिस ने प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत युवक को गिरफ्तार कर लिया है। ज्ञात हो कि इसके पूर्व सरकण्डा क्षेत्र में मेडिकल, किराना दुकान में सामान खरीदकर अपने मोबाइल में पेमेंट का फर्जी मैसेज दिखाने वाले युवक को गिरफ्तार किया गया था।

## गैस सिलेंडर सहित पकड़ा गया यात्री, आरपीएफ ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रेलवे सुरक्षा बल बिलासपुर की टीम ने रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म पर एक व्यक्ति को गैस सिलेंडर के साथ पकड़कर रेलवे एक्ट की कार्रवाई की है।

जानकारी के अनुसार प्लेटफार्म में पेट्रोलिंग के दौरान आरपीएफ स्टाफ ने एक यात्री को बोरी में सिलेंडर ले जाते हुए देखा। आरपीएफ ने रोककर उसकी बोरी चेक की, जिसमें घरेलू सिलेंडर रखा हुआ था। प्रतिबंध के बावजूद यात्री सिलेंडर को छिपाकर ले जा रहा था। पूछताछ में यात्री ने रायगढ़ खरसिया निवासी शिवशंकर सारथी पिता ननकीराम सारथी 21 साल ने बताया कि वह गैस सिलेंडर को रायगढ़ से बिलासपुर लेकर आया था और रात में उसे छिपाकर रखने के बाद दूसरे दिन स्टेशन से बाहर निकलने वाला था। इस दौरान यात्री ने सिलेंडर का दस्तावेज मांगा गया, जिसे यात्री नहीं दिखा सका। आरपीएफ ने यात्री के खिलाफ रेलवे एक्ट की धारा 153, 164 के तहत अपराध कायम करने के बाद न्यायालय में पेश कर दिया है।



जब्त सिलेंडर के साथ आरोपी।

### छात्रों के सूने रूम से दो लैपटाप ले उड़े चोर

**बिलासपुर।** दीपावली का त्यौहार मनाने गए दो छात्रों के सूने रूम से चोरों ने दो लैपटाप चोरी कर लिया है। पुलिस चोरों की पतासाजी में जुट गई है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, रायगढ़ पुसौर बड़ेहल्दी निवासी रोहन पटेल पिता अरूण कुमार पटेल अरविंद मार्ग में किराए रूम में रहकर साइंस कालेज में बीएससी द्वतीय ईयर की पढ़ाई कर रहे हैं। दीपावली में वह 15 अक्टूबर को रूम के दरवाजे में ताला लगाकर गृहग्राम रायगढ़ चले गए थे। 29 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे वह रायगढ़ से रूम लौटे तो दरवाजे में ताला लगा हुआ था। अंदर गए तो रूम में सामान अस्त व्यस्त पड़ा हुआ था और लैपटाप, ईयर बटस, बैग चोरी हो गया था। चोर खिड़की से अंदर घुसकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। इसी तरह कोरिया तोलगा निवासी समीर कुमार साहू सरकण्डा खमतराई शिवम कालोनी में किराए के मकान में रहकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं। 18 अक्टूबर की शाम 5.30 बजे रूम के दरवाजे में ताला लगाकर गृहग्राम चले गए थे। 26 अक्टूबर को सुबह 11.30 बजे वे रूम लौटे तो ताला टूटा मिला और लैपटाप, बर्तन व अन्य सामान चोरी हो गया था।

---

**रायपुर बास्केटबॉल में सिरमौर, आज किया जाएगा समापन**

# राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के दौरान सरगुजा ने क्रिकेट मैच में हासिल की जीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

जिले में चल रही 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के तीसरे दिन खिलाड़ियों के जोश और रोमांच से मैदान गूंज उठा। विभिन्न खेलों में जबरदस्त प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। इस प्रतियोगिता का समापन 31 अक्टूबर को किया जाएगा।

अंडर-14 क्रिकेट बालक वर्ग में सरगुजा की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अंतिम गेंद पर बिलासपुर को हराकर रोमांचक जीत दर्ज की। सरगुजा की टीम की इस जीत ने दर्शकों का दिल जीत लिया। बैडमिंटन (14, 17 और 19 वर्ष बालक-बालिका वर्ग) की टीम चैंपियनशिप के परिणाम भी घोषित किए गए, जिनके आधार पर राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए छत्तीसगढ़ की टीम का चयन किया गया। प्रतियोगिता स्थल पर पहुंचे अतिथियों ने विजेता खिलाड़ियों को गोल्ड, सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता के दौरान जिला स्तरीय अधिकारी रविशंकर पाण्डेय, भरत अग्रवाल और संजीव सिंह ने विभिन्न आवास स्थलों का निरीक्षण किया तथा खिलाड़ियों की भोजन व्यवस्था और सुविधाओं की जानकारी ली। फुटबॉल मुकाबलों में भी जबरदस्त खेल देखने को मिला। 19 वर्ष बालिका वर्ग में बस्तर ने बिलासपुर को 10 गोल से पराजित किया, जबकि रायपुर और दुर्ग का मुकाबला बिना गोल बराबरी पर समाप्त हुआ। समापन अवसर पर अतिथियों द्वारा विभिन्न खेलों में विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार एवं पदक प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के समापन समारोह में वित्त मंत्री ओपी चौधरी, स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हो सकते है जबकि कार्यक्रम अध्यक्षता करेंगे पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल करेंगे। इसके साथ ही कार्यक्रम में लुंड्रा विधायक प्रबोध मिंज, सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो, छग गृह निर्माण मण्डल अध्यक्ष अनुराग सिंहदेव, राज्य युवा आयोग अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर, महापौर श्रीमती मंजूषा भगत, जिपं अध्यक्ष श्रीमती निरूपा सिंह, ननि सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी एवं जिपं उपाध्यक्ष देवनारायण यादव उपस्थित रहेंगे।




### बास्केटबॉल में सरगुजा ने हासिल की जीत

बास्केटबॉल में अंडर-17 बालक वर्ग में सरगुजा ने बिलासपुर को हराकर शानदार जीत दर्ज की। 14 वर्ष बालिका वर्ग में बिलासपुर ने बस्तर को पराजित किया। 17 वर्ष बालिका वर्ग में रायपुर ने दुर्ग को हराकर अपनी बढ़त बनाए रखी।19 वर्ष बालक वर्ग में बस्तर ने दुर्ग को 1 बास्केट के अंतर से हराया। वहीं 17 वर्ष बालक वर्ग में रायपुर ने उत्कृष्ट खेल दिखाते हुए सिरमौर का खिताब अपने नाम किया। 19 वर्ष बालिका वर्ग में सरगुजा की बालिकाओं ने दुर्ग को हराकर अपना वर्चस्व बरकरार रखा। राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि इस टूर्नामेंट में अंतरराष्ट्रीय बास्केटबॉल खिलाड़ी दिव्या रंगारी (रायपुर संभाग) और राष्ट्रीय खिलाड़ी अनामिका चौबे ने भी भाग लिया जिससे खिलाड़ियों को प्रेरणा मिली।

---

# फैक्ट्री में काम करने के दौरान क्रेन से गिरकर आपरेटर की मौत

### एक लाख रुपए मुआवजा देने पर शांत हुआ हंगामा

**बिलासपुर।** फैक्ट्री में काम करने के दौरान क्रेन आपरेटर की नीचे गिरने से मौत हो गई। सिम्स में मृतक के परिजन ने मुआवजा राशि की मांग लेकर जमकर हंगामा मचाया गया। ठेकेदार के द्वारा 1 लाख रुपए मुआवजा राशि देने पर हंगामा शांत हुआ। उसके बाद मृतक का अंतिम संस्कार किया गया है।



बिल्हा भैंसबोड़ निवासी मुकेश यादव पिता अर्जुन यादव ने बताया, उसका भाई मिथलेश यादव 23 साल बिल्हा मंगल स्पंज आयरन में क्रेन चलाता था। बुधवार की रात फैक्ट्री के सड़े टूटे जाली से 40 फीट नीचे गिर गए, जिससे उसे गंभीर चोट आई। फैक्ट्री के लोग कार से उसे इलाज के लिए नेहरू नगर स्थित एक निजी हास्पिटल में लेकर गए, वहां से सिम्स रेफर कर दिया गया। सिम्स में डाक्टर ने परिक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मुकेश ने बताया, मृतक का एक बच्चा है और उसकी पत्नी गर्भवती है। परिजन फैक्ट्री में लापरवाही का आरोप लगाते हुए मुआवजा राशि की मांग करते हुए हंगामा मचाने लगे और शव ले जाने से इनकार कर दिया। बिल्हा टीआई उमेश साहू ने बताया फैक्ट्री की ओर से 1 लाख रुपए नकद व अन्य राशि चेक के माध्यम से देने का आशवासन देने पर परिजन शव लेकर गांव आए और अंतिम संस्कार किया गया है। पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है।

## खबर संक्षेप



### 16 हजार 480 हितग्राहियों को मिलेगी खुशियों की चाबी, राज्य स्थापना दिवस पर करेंगे गृह प्रवेश

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर इस वर्ष प्रदेशभर में प्रधानमंत्री आवास योजना, ग्रामीण के तहत बड़े पैमाने पर सामूहिक गृह प्रवेश कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। राज्योत्सव स्थल, नवा रायपुर अटल नगर में आयोजित राज्य स्तरीय मुख्य समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा सांकेतिक रूप से 3.51 लाख हितग्राहियों का गृह प्रवेश कराया जाएगा, जिनमें कोरबा जिले के 16,480 हितग्राही भी शामिल रहेंगे। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत मई 2025 से अब तक राज्य में 3.51 लाख से अधिक पक्के आवासों का निर्माण कार्य पूर्ण किया जा चुका है। इनमें से कोरबा जिले में 16,480 आवासों का निर्माण पूरा कर लिया गया है। अब राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर इन सभी पात्र परिवारों को अपने स्वप्निल आशियाने की चाबी मिलने जा रही है। कार्यक्रम के दौरान जिले के प्रत्येक ग्राम पंचायत में सामूहिक गृह प्रवेश समारोह पारंपरिक उत्सव की तरह मनाया जाएगा। नवनिर्मित घरों को दीपक, रंगोली, साज-सज्जा से सजाया जाएगा तथा हितग्राहियों का पारंपरिक विधि-विधान से स्वागत कर आभार पत्र, खुशियों की चाबी एवं स्मृति चिन्ह भेंट किए जाएंगे। जिला पंचायत सीईओ दिनेश कुमार नाग ने बताया कि कलेक्टर अजीत वसंत के मार्गदर्शन में कोरबा जिले में इस आयोजन को उत्सवमय और प्रेरणादायक बनाने की पूरी तैयारी की गई है। जनपद पंचायतों के अधिकारियों को आयोजन को सफल बनाने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही, प्रत्येक ग्राम पंचायत में रोजगार सहायक, आवास मित्र एवं महिला स्व-सहायता समूह की दीदियों को विशेष जिम्मेदारी सौंपी गई है ताकि हर हितग्राही का गृह प्रवेश गरिमा और हर्षोल्लास के साथ संपन्न हो सके।

### श्यांग हायर सेकंडरी स्कूल में पहुँचे राजनीति शास्त्र के व्याख्याता

**कोरबा।** वनांचल और दुर्गम पहाड़ियों के बीच बसे बलसेन्धा, माली कछार, अमलडिहा, आमाडाँड़, जूनाडीह, धौराबारी जैसे गांवों के सैकड़ों विद्यार्थियों के लिए ग्राम श्यांग का शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ही उच्च शिक्षा की एकमात्र राह है। यहाँ से आगे बढ़ने का सपना देखने वाले इन विद्यार्थियों के लिए नवमीं कक्षा में दाखिला लेना ही एक बड़ी उपलब्धि होती है। परंतु वर्षों से इस विद्यालय में विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की कमी विद्यार्थियों की राह में बड़ी बाधा बनी हुई थी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा प्रारंभ की गई युक्तियुक्तकरण नीति ने अब इन विद्यार्थियों की यह समस्या दूर कर दी है। इसी के अंतर्गत श्यांग हायर सेकंडरी स्कूल में राजनीति शास्त्र विषय के व्याख्याता श्री जय राम बघेल की पदस्थापना हुई है। दूरस्थ क्षेत्र में पदस्थ होकर भी श्री बघेल ने इसे चुनौती नहीं, बल्कि सेवा का अवसर माना है। वे कहते हैं राजनीति शास्त्र भले ही सरल लगे, पर इसे समझना और जीवन से जोड़ना बहुत आवश्यक है। मैं चाहता हूँ कि ये बच्चे विषय को जानें, समझें और समाज में अपनी भूमिका को पहचानें। विद्यालय की छात्राएँ दिव्या, कविता, मोनिका और दीपिका बताती हैं कि अब राजनीति विषय की कक्षाएँ नियमित रूप से संचालित हो रही हैं। पहले शिक्षक की कमी के कारण वे विषय को ठीक से समझ नहीं पाती थीं, लेकिन अब उन्हें मार्गदर्शन मिलने लगा है। विद्यार्थियों के चेहरों पर आत्मविश्वास और प्रसन्नता झलकने लगी है।

### दीपका में विज्ञान प्रदर्शनी का किया गया आयोजन



**कोरबा।** गुरुवार को ईस्ट प्वाइंट इंग्लिश मीडियम हाई स्कूल दीपका में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा एवं कला कौशल का प्रदर्शन करते हुए अनेक रोचक मॉडल प्रस्तुत किए। इनमें छात्राओं के एक दल ने अपने मॉडल के माध्यम से मानव हृदय और उसकी मदद से शरीर में निरंतर गतिमान रहने वाली रक्त संचरण की प्रक्रिया को बड़ी ही खूबसूरती से प्रदर्शित किया। इसी तरह छात्राओं के एक दल ने चंद्रयान 3 का सुंदर मॉडल प्रस्तुत कर उसके जरिए अंतरिक्ष में भारत की सफलताओं के बारे में बताया गया। एक मॉडल में विद्यार्थियों ने स्टीम टरबाइन से विद्युत उत्पादन, मेजरमेंट पार्क समेत बड़ी संख्या में विज्ञान मॉडल प्रस्तुत किए गए। विद्यालय के शिक्षकों के अलावा बड़ी संख्या में सम्मिलित होने पहुंचे अभिभावकों ने भी इन मॉडलों का अवलोकन किया। निर्णायकों ने निरीक्षण के दौरान विद्यार्थियों से उनके द्वारा प्रस्तुत मॉडल के संबंध में सवाल जवाब भी किए गए। उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर चुने जाने वाले विज्ञान मॉडल के विद्यार्थी पुरस्कृत किए जाएंगे।

## उपार्जन केंद्रों में पंजीकृत किसानों से वास्तविक धान की खरीदी करने के दिए निर्देश

# पात्र किसानों को धान विक्रय में नहीं होनी चाहिए किसी प्रकार की परेशानी : वसंत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर अजीत वंसत की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 अंतर्गत धान खरीदी की प्रारंभिक तैयारियों के सम्बंध में बैठक सह प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। उन्होंने समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के सफल कियान्वयन हेतु सम्बंधित सभी अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि चालू खरीफ वर्ष में 15 नवम्बर से धान खरीदी कार्य प्रारम्भ होगा। जिले के 41 सहकारी समितियों के 65 धान उपार्जन केन्द्रो में माध्यम से किसानों से धान उपार्जन किया जाएगा। इस हेतु सभी केंद्रों में सीसीटीवी कैमरा सहित चेकलिस्ट में निर्धारित आवश्यक सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने एग्रीस्टेक पोर्टल में किसानों के पंजीयन की जानकारी लेते हुए सभी पात्र किसानों का पोर्टल में अनिवार्य रूप से पंजीयन कराने के निर्देश दिए। उन्होंने किसान पंजीयन में अधिकारियों को सवेंदनशीलता से काम करने एवं शासन स्तर से निराकृत होने वाली समस्याओं के बारे में राज्य शासन को सूचित करने निर्देश दिए।

कलेक्टर ने कहा कि केंद्रों में जिले के पंजीकृत किसानो से वास्तविक धान की खरीदी करें एवं अवैध धान के विक्रय पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाना सुनिश्चित करें। पात्र किसानों को धान विक्रय में किसी प्रकार की परेशानी ना हो, इस बात का विशेष ध्यान रखें। साथ ही अनियमितता बरतने वालों पर कड़ी कार्यवाही करें। इस सत्र में टोकन आधार लिंक्ड मोबाइल में ओटीपी के माध्यम से जारी होगा। उन्होंने पटवारी के माध्यम से रैंडमली कुछ किसानों के टोकन का भौतिक सत्यापन कराने की बात कही। बैठक में बारदानों की व्यवस्था की जानकारी लेते हुए कलेक्टर ने पीडीएस व मिलर्स बारदानों का समय पर भंडारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। केंद्रों में उपार्जित धान के मानक स्टैक निर्माण पर भी विशेष ध्यान देने के लिए कहा। कलेक्टर ने सभी एसडीएम को अपने क्षेत्रों के मिलर्स की बैठक लेकर धान खरीदी कार्य के साथ ही उठाव भी गम्भीरता से कराने के निर्देश दिए।

### कलेक्टर और एसपी ने किया राज्योत्सव स्थल का निरीक्षण

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के रजत जयंती वर्ष पर आयोजित होने वाले राज्योत्सव कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने गुरुवार को कलेक्टर अजीत वसंत और पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने कोरबा स्थित डॉ. भीमराव अम्बेडकर ओपन ऑडिटोरियम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री वसंत ने आयोजन स्थल पर मंच निर्माण, विद्युत एवं साउंड सिस्टम, लाइटिंग, बैरिकेटिंग, दर्शक दीर्घा, वीआईपी बैठक व्यवस्था, कलाकारों के ठहरने, भोजन एवं आवास की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि राज्योत्सव प्रदेश की गौरवमयी यात्रा का प्रतीक है, अतः इसकी तैयारी सौंदर्य, व्यवस्था और अनुशासन के साथ उत्कृष्ट स्तर पर की जाए। कलेक्टर ने पेयजल, स्वास्थ्य सुविधा, स्वच्छता एवं सुरक्षा प्रबंध की भी समीक्षा की। उन्होंने कार्यक्रम स्थल के प्रवेश एवं निकास मार्ग, पार्किंग व्यवस्था तथा विभागीय स्टालों के स्थान निर्धारण के लिए व्यवस्थित रूट प्लान तैयार करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने पुलिस अधिकारियों को सुरक्षा के व्यापक इंतजाम करने, ट्रैफिक प्रबंधन और भीड़ नियंत्रण की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ दिनेश कुमार नाग, नगर निगम के अपर आयुक्त विनय मिश्रा, पीडब्ल्यूडी के ईई जी.आर. जांगड़े, एसडीएम सरोज महिलांगे, विद्युत, यांत्रिकी एवं अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



## गौवंश संरक्षण पर अनोखी प्रदर्शनी ने सबका मोहा मन



प्रदर्शन के दौरान अतिथिगण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

गौसेवा एवं गौवंश संरक्षण के प्रति गहरी निष्ठा रखने वाले समाजसेवी तेजकरण जैन द्वारा तैयार गौवंश पर आधारित अनोखा और विशाल संकलन गुरुवार को अग्रसेन कन्या महाविद्यालय प्रांगण में प्रदर्शित किया गया। इस निःशुल्क प्रदर्शनी में दर्शकों ने विश्व के अनेक देशों के 476 नोट देखे जिन पर गाय की छवि अंकित है। साथ ही गाय से संबंधित दुर्लभ सिक्कों का संग्रह भी आकर्षण का केंद्र रहा। प्रदर्शनी में गाय के जन्म से लेकर मृत्यु तक की यात्रा को डाक टिकटों के माध्यम से अत्यंत सुंदर और शिक्षाप्रद रूप में प्रस्तुत किया गया। अग्रसेन कन्या महाविद्यालय के प्राचार्य श्री झा की उपस्थिति में आयोजित इस प्रदर्शनी में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने देखा और ज्ञानवर्धक जानकारी प्राप्त की। बच्चों ने इस अद्वितीय संकलन की सराहना करते हुए कहा कि इससे उन्हें गाय के धार्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्व के बारे में नई जानकारी मिली। प्रदर्शनी में अतिथि चेंबर ऑफ कॉमर्स के पूर्व अध्यक्ष एवं लायंस क्लब के पूर्व गवर्नर रामसिंह अग्रवाल, चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष योगेश जैन, राजेन्द्र तिवारी, पारस जैन, अनिल अग्रवाल और संजय अग्रवाल सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। प्रदर्शनी के सफल आयोजन में महाविद्यालय के समस्त शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राओं का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

## कोसाबाड़ी चौक से घंटाघर तक निकली शहर समागम रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



रैली में शामिल स्थानीय जनप्रतिनिधि।

जत जयंती के तहत संचालित की जा रही विभिन्न गतिविधियों व कार्यक्रमों की महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में कोसाबाड़ी चौक से घंटाघर तक शहर समागम रैली का आयोजन किया गया। कोसाबाड़ी चौक में सभापति नूतन सिंह ठाकुर ने रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। घंटाघर ओपन थियेटर में रैली का समापन हुआ, जहां रैली में शामिल समस्तजनों को स्वच्छता शपथ दिलाई गई।

राज्य सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रजत जयंती वर्ष मनाया जा रहा है, जिसके तहत सम्पूर्ण प्रदेश में विभिन्न गतिविधियाँ व कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। इसी कड़ी में गुरूवार को जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन व निगम के संयुक्त तत्वाधान में शहर समागम रैली का आयोजन किया गया तथा कोसाबाड़ी चौक से घंटाघर तक भव्य रैली निकाली गई। इस अवसर पर मेयर इन काउंसिल सदस्य हितानंद अग्रवाल, वरिष्ठ पार्षद अशोक चावलानी, एमआईसी सदस्य ममता यादव, सरोज शांडिल्य, पार्षद पंकज देवांगन, रामकुमार साहू, राकेश वर्मा, जिला चेम्बर आफ कामर्स के अध्यक्ष योगेश जैन, राजेन्द्र तिवारी, निगम के अपर आयुक्त विनय मिश्रा, उपायुक्त पवन वर्मा व बीपी त्रिवेदी, स्वयंसेवी संगठनों के सदस्यों, महिला स्वसहायता समूह की सदस्यों, विद्यालयीन छात्र-छात्राओं एवं काफी संख्या में नागरिकों ने रैली में अपनी सहभागिता प्रदान की।

## समाज की प्रगति के लिए छग कलार समाज लगातार कर रहा है काम : रेणु अग्रवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ कलार महासभा कोरबा परिक्षेत्र के द्वारा श्री सहस्त्रबाहु जयंती समाज के घंटाघर स्थित सहस्त्रबाहु भवन में मनाया गया।

**खास बात**

- घंटाघर स्थित सहस्त्रबाहु भवन में मनाया गया सहस्त्रबाहु जयंती




कार्यक्रम में उपस्थित मंचस्थ अतिथिगण।

समाज के परिक्षेत्र अध्यक्ष अनुज कुमार जायसवाल सहित समाज के अन्य पदाधिकारी द्वारा भगवान सहस्त्रबाहु की पूजा अर्चना कर दीप प्रज्वलित महाआरती की प्रस्तुति भजन गायिका श्रीमती मोनिका अग्रवाल द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व महापौर रेणु अग्रवाल, पूर्व महापौर राजकिशोर प्रसाद, जायसवाल समाज के प्रदेश अध्यक्ष विजय जायसवाल महा अध्यक्ष श्रीमती सरोज डनसेना प्रदेश संयोजक महिला कमेटी, श्रीमती बिना जायसवाल प्रदेश उपाध्यक्ष महिला कमेटी, श्रीमती पुष्पा जयसवाल महासभा महासचिव, रूपेंद्र जायसवाल कोरबा प्रभारी टीकाराम, जिला अध्यक्ष महिला कमेटी श्रीमती कुसुम डनसेना, जिला अध्यक्ष युवा कमेटी रामकुमार जायसवाल की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पूर्व महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने भगवान सहस्त्रबाहु की पूजा अर्चना की और कहा कि जयसवाल कलार समाज निरंतर देश की प्रगति और समाज की प्रगति के लिए काम कर रहा है समाज के बच्चे निरंतर विभिन्न दिशाओं में आगे बढ़ रहे हैं। खासतौर पर पढ़ाई लिखाई के साथ खेल कूद में भी समाज का नाम रोशन कर रहे हैं। कार्यक्रम के उपरांत समाज के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जिसमें बच्चों ने डांस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया जिसमें आकर्षक प्रस्तुति देने वाले समाज के प्रतिभावान बच्चों को समाज की ओर से पुरस्कृत किया गया।

## मॉडल यूथ ग्राम सभा में जिले के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय का हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



अध्ययनरत बच्चे।

मॉडल यूथ ग्राम सभा कार्यक्रम का आयोजन डॉ.अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर नई दिल्ली में 30 अक्टूबर को पंचायती राज मंत्रालय द्वारा किया गया। जिसमें विभिन्न पंचायती विभाग के पदाधिकारी ने भाग लिया जिसमें दुर्गादास, एसपी सिंह बघेल इत्यादि मंत्रियों ने भाग लिया। इसका उद्देश्य ग्राम सभा को छात्रों के बीच नेतृत्व कौशल विकसित करने, जिम्मेदारियों का निर्वहन एवं समाज की सेवा की भावना विकसित करने के उद्देश्य के साथ देश भर के 200 स्कूलों में किया गया। जिसमें पीएम श्री एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय छुरीकला को इस प्रोग्राम के लिए चयनित किया गया। आकाश पांडेय और लक्ष्मी पाण्डेय को इसका कोऑर्डिनेटर बनाया गया। इस टेलीकास्ट में विद्यालय के 30 अध्यापकों सहित 376 छात्र छात्राओं ने लाइव टेलीकास्ट के माध्यम से देखा, इसके अतिरिक्त इसमें एक पोर्टल भी लॉन्च किया गया। जिसमें विभिन्न स्कूलों की भागीदारी सुनिश्चित की गई। इस कार्यक्रम की ट्रेनिंग पहले ही सितंबर माह में दी जा चुकी है और अब विद्यालय स्तर पर राज्य स्तर पर एवं देश स्तर पर विद्यार्थी मॉडल यूथ ग्राम सभा में भाग लेकर विभिन्न कौशल सीखेंगे और देश के तीसरे स्तर की सरकार के बारे में प्रयोगात्मक रूप से सीख सकेंगे। जिसकी जिम्मेदारी विभिन्न कोऑर्डिनेटरों के पास रहेगी और इसमें प्रथम पुरस्कार विजेता को मंत्रालय द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। यह पंचायती राज मंत्रालय की एक अनूठी पहल है, जिसमें छात्र अपने आसपास हो रही सामाजिक परिवर्तनों को अपने में आत्मसात करते हुए सीखने का प्रयास करेंगे। डॉ.असद ने इस पर हर्ष जाहिर करते हुए बताया कि एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में ज्यादातर छात्र ग्रामीण परिवेश से आते हैं और 21वीं सदी के छात्रों को इस तरह के कार्यक्रम जीवन कौशल के विकास में सहयोग करेंगे है।

## सेमरहा सहित कई गांवों में फसल चौपट कर हाथियों का झुंड पहुंचा जंगल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



फाइल फोटो

कटघोरा वनमंडल में हाथियों का उत्पात लगातार जारी है। पसान रेंज के सेमरहा बीट में सक्रिय 42 हाथियों के झुंड ने बीती रात हरदेवा, बर्रा व सेमरहा गांव में 15 से अधिक ग्रामीणों के धान की फसल को रौंदने के बाद अब सेमरहा जंगल के कक्ष क्रमांक पी-215 में पहुंच गया है। बड़ी संख्या में हाथियों के झुण्ड को यहां पर विचरण करते हुए देखा गया और इसकी सूचना वन विभाग को दी गई। जिस पर वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौके पर पहुंचकर हाथियों की निगरानी में जुट गया है। वहीं सेमरहा व आसपास के गांवों में मुनादी करा दी गई है। ग्रामीणों से कहा गया है कि क्षेत्र के जंगल में बड़ी संख्या में हाथी विचरण कर रहे हैं, इसलिए जंगल की ओर न जाएं। यदि किसी कारणवश जंगल जाना जरूरी हुआ तो वे पूरी तरह सावधानी बरतें। ज्ञात रहे हाथियों का यह झुण्ड काफी दिनों से कटघोरा वनमंडल में विचरण कर रहा है और ग्रामीणों की खेतों में पहुंचकर वहां लगे धान की फसल को रौंदने के साथ उसे तहस-नहस भी कर दे रहे हैं, जिससे ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। ग्रामीणों द्वारा फसल तथा जान-माल की सुरक्षा की गुहार लगाई जा रही है।


## हसदेव नदी के तट पर महाआरती का आयोजन 5 को, आयोजन की मिली अनुमति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



जिले में देव दिवाली का यह पर्व कार्तिक पूर्णिमा के दिन मनाया जाएगा। जिसकी अनुमति हिंदू क्रांति सेना को मिल गई है। इसे लेकर श्रद्धालुओं ने विशेष तैयारी चालू कर दी है। हसदेव नदी के घाट पर लोग स्नान कर विधि विधान से दीपदान करेंगे। इसे लेकर लोगों ने अपने घरों में अपनी-अपनी परंपरा और संस्कृति के अनुसार पूजा की तैयारी की है। महाआरती का यह कार्यक्रम 5 नवंबर की शाम 5 बजे से शुरू होगा जो देर रात तक चलेगा। हिंदू क्रांति सेना की ओर से बताया गया है कि 11 हजार दीप नदी के तट पर प्रज्जवलित किए जाएंगे। 21 हजार दीप दान की जाएगी। 51 लीटर दूध से हसदेव नदी का दुग्धाभिषेक किया जाएगा। 51 मीटर चुनरी भेंट की जाएगी। इस महाआरती को लेकर आयोजन समिति ने बनारस से ब्राह्मणों को बुलाया जाएगा। देव दिवाली के दिन हसदेव नदी के तट पर भव्य आतिशबाजी के साथ-साथ भव्य लाइट शो, लेजर शो का आयोजन किया जाएगा। पुष्प वर्षा के साथ-साथ झांकियां भी प्रस्तुत की जाएंगीं। फायर बॉल शो भी रखा गया है। समिति की ओर से बताया गया है कि यह चौथा साल है जब जीवनदायिनी हसदेव नदी के तट पर कोरबा में महाआरती का आयोजन किया जा रहा है। समिति ने इस कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की है। आयोजन समिति तैयारियों को अंतिम रूप देने में लगी है।

### कोरबा की बेटी विशिष्टा श्रीवास्तव ने जयपुर में रचा इतिहास



**कोरबा।** जिले की 9 वर्षीय प्रतिभाशाली कथक नृत्यांगना विशिष्टा श्रीवास्तव ने जयपुर (राजस्थान) में आयोजित 25 से 28 अक्टूबर नृत्य आरंभ आल इंडिया 19वीं कल्चर नेशनल डांस कांटेस्ट एंड फेस्टिवल में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रथम स्थान तथा बेस्ट परफॉर्मेंस ऑफ द सेसन का सम्मान प्राप्त किया। विशिष्टा श्रीवास्तव, नृत्यशक्ति कला केंद्र की छात्रा हैं। वह माता श्रीमती रितिका श्रीवास्तव और पिता विजय श्रीवास्तव की सुपुत्री हैं। मात्र 9 वर्ष की उम्र में विशिष्टा ने राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा और समर्पण से यह उपलब्धि हासिल की। उनकी माँ श्रीमती रितिका श्रीवास्तव निरंतर अपनी बेटी के साथ खड़ी रहती हैं और उसकी सफलता के पीछे उनका महत्वपूर्ण योगदान है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### अमित बघेल...

संजय गोयल,पवन अग्रवाल,नरेंद्र मित्तल,अजय गर्ग, नवीन अग्रवाल, मनोज बंसल, जितेंद्र अग्रवाल, मुकेश गोयल,आयुष मित्तल, भरत अग्रवाल, अतुल मित्तल, शंकर अग्रवाल, सिंधी समाज के अध्यक्ष रमेश वाटवानी, सुनील दुहलानी, नानक राम पंजवानी, रॉकी जगवानी, मनीश दुहलानी, तुलसी राजपूत, दिल्लू सचदेव, अनिल असनानी, जीतू बहरानी, पंकज रत्नानी, अनिल आलवानी, लक्की दुहलानी,मूलचंद, अशोक मलानी, लक्की आलवानी, भरत सचदेवा, पंकज दुहलानी, महेश वाधवानी, पप्पू वाधवानी तथा दोनों समाज के अन्य लोग बड़ी संख्या उपस्थित रहे।

### करमंदी व जोगीपाली...

जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया था। तहसीलदार करतला के जांच प्रतिवेदन सहित मूल नस्ती के आधार पर फर्जी वनाधिकार पट्टा धारी सूर्यकांति पति ओमप्रकाश रकबा 2.0230 हेक्टेयर, इस्माईल पिता बड़कू खां रकबा 1.0320 हेक्टेयर, दिलासो बाई पति श्याम लाल रकबा 2.0230 हेक्टेयर, कमला बाई पति शंकरदास रकबा 3.0480 हेक्टेयर एवं भारत भूषण बैरागी पिता लोकनाथ बैरागी रकबा 2.0230 हेक्टेयर पट्टे को निरस्त किया है एवं उक्त भूमि को पूर्ववत छत्तीसगढ़ शासन मद में दर्ज करने तथा राजस्व अभिलेख दुरुस्त करने सम्बंधित तहसीलदार को आदेशित किया है।

### शपथ पत्र

मैं रमेश वाटवानी उम्र 71 वर्ष पिता अर्जुन दास वाटवानी निवासी मकान नंबर 9/26 टिंगीपुर वार्ड नंबर 9 कटघोरा, जिला कोरबा का हूँ जो कि शपथपूर्वक निम्न कथन करता हूँ :-

1/ यह कि पूर्व में मुझे रमेश कुमार के नाम से जाना जाता था, मैंने अपना नाम परिवर्तन कर रमेश वाटवानी पिता अर्जुन दास वाटवानी कर लिया है जिसके कारण मुझे रमेश वाटवानी के नाम पर जाना पहचाना जाता है।

2/ यह कि भविष्य में मुझे रमेश वाटवानी के नाम पर जाना पहचाना जाए इस हेतु यह शपथ पत्र सम्प्रेषित है।

**शपथकर्ता**
**रमेश वाटवानी**

## खबर संक्षेप

### पुलिस स्मृति दिवस पर भाषण प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**कोरबा।** पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर जिले में पुलिस विभाग द्वारा जन-जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के दिशा-निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीतिश ठाकुर के मार्गदर्शन में शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोरबा में शस्त्र प्रदर्शनी एवं समाज में पुलिस की भूमिका विषय पर भाषण जी सर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को पुलिस बल की कार्यप्रणाली, आत्मरक्षा, साइबर सुरक्षा तथा आधुनिक हथियारों की जानकारी से अवगत कराना था। कार्यक्रम में पुलिस विभाग से आरआई अनथराम पैकरा, एसआई अंगद्वाज राठौर, उप निरीक्षक अजय सोनवानी (साइबर सेल प्रभारी, कोरबा), विकेश्वर प्रताप सिंह एवं संजीव सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में निर्णायक एवं मार्गदर्शक के रूप में डॉ. एलएन कंवर, डॉ.एसके गोभिल, डॉ.दिनेश श्रीवास, एवं प्रोफेसर सुशील गुप्ता असिस्टेंट प्रोफेसर मधु कंवर उपस्थित रहे, जिन्होंने प्रतियोगिता का संचालन एवं मूल्यांकन किया। समाज में पुलिस की भूमिका विषय पर भाषण प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने अपने विचार प्रस्तुत करते हुए पुलिस की समाज सेवा, कानून व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, संकट प्रबंधन, नागरिक सुरक्षा एवं राष्ट्र निर्माण में योगदान पर प्रभावशाली तर्क रखे।

### बाल्टी में घुस कर बैठ गया सांप किया गया रेस्क्यू

**कोरबा।** शहर से 20 किलोमीटर दूर कुदुरमाल गांव में उस समय हड़कंप मच गया जब गली में बैठे ग्रामीणों ने अपने तरफ आते एक बेहद बड़े नाग को देखा, देखते ही देखते लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई, इतने बड़े नाग को देख कर बच्चे, महिलाएं एवं वरिष्ठ जन हक्के बक्के रह गए की आखिरकार इतना बड़ा नाग आया कहा से फिर गांव के ही हरिशंकर पटेल ने बड़ी बहादुरी से एक किनारे बाल्टी को रख दिया जिसमें वो नाग घुस गया और कुण्डी मार कर बैठ गया फिर बाल्टी को सीधा कर के ढक दिया गया फिर गांव के युवक हरिशंकर पटेल ने इसकी जानकारी वाइल्डलाइफ रेस्क्यु टीम प्रमुख सदस्य जितेंद्र सारथी को दिया गया जिस पर सारथी ने थोड़ी देर में पहुंचने की बात कही तब तक गांव वाले वहीं बैठ कर रेस्क्यु टीम आने का इंतजार करते रहे आखिरकार कुछ घंटे के बाद जितेंद्र सारथी अपने टीम राजू बर्मन, बबलू मारवा, शुभम के साथ वहां पहुंचे और बड़ी सावधानी से बाल्टी के अंदर से 6 फिट के विशालकाय नाग को बाहर निकाला और बड़ी ही सावधानी से कोबरा को डिब्बे में रखा, पूरे रेस्क्यु ऑपरेशन को देख कर गांव वाले हक्के बक्के रह गए साथ ही सुरक्षित महसूस करने लगे फिर गांव वालों ने रेस्क्यु टीम का धन्यवाद ज्ञापित किया फिर नाग को सुरक्षित उसके प्राकृतिक रहवास जंगल में छोड़ दिया गया।

### हर खेत तक पहुंचा पानी, किसानों के चेहरे पर आई मुस्कान

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना की रजत जयंती समूचे प्रदेश के लिए गर्व, उपलब्धि और आत्मनिर्भरता का प्रतीक बन गई है। वर्ष 2000 में राज्य ने जब अपनी ऐतिहासिक यात्रा आरंभ की थी, तब विकास की राह अनेक चुनौतियों से घिरी थी। सीमित संसाधनों के बीच राज्य ने दृढ़ संकल्प, जनसहभागिता और दूरदर्शी नेतृत्व के बल पर निरंतर प्रगति का मार्ग प्रशस्त किया। आज 25 वर्षों में छत्तीसगढ़ ने उद्योग, कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण, स्वच्छता, ग्रामीण विकास और जल संसाधन जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां अर्जित की हैं। इस गौरवशाली यात्रा में जल संसाधन विभाग का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है। जल ही जीवन और कृषि का आधार है, और छत्तीसगढ़ जैसे कृषिप्रधान राज्य में सिंचाई सुविधाओं का विस्तार ग्रामीण समृद्धि की रीढ़ साबित हुआ है। कोरबा जिला, जो अपनी भौगोलिक विविधता और औद्योगिक पहचान के लिए जाना जाता है, यहाँ वर्ष 2000 से 2025 तक जल संसाधन विभाग ने अभूतपूर्व प्रगति दर्ज की है। वर्ष 2000 में कोरबा जिले में केवल 10 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध थी, जबकि आज यह क्षमता बढ़कर लगभग 16,071 हेक्टेयर तक पहुंच गई है यानी 25 वर्षों में 6,071 हेक्टेयर की उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

## सरकारी व निजी विद्युत संयंत्र प्रबंधनों को मिली बड़ी राहत

# अब विद्युत संयंत्रों में एफजीडी सिस्टम लगाने की अनिवार्यता हुई खत्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


फाइल फोटो

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी व एनटीपीसी सहित अन्य निजी विद्युत संयंत्रों को बड़ी राहत मिली है। अब उन्हें संयंत्रों में फ्लू गैस डीसल्फराइज़ेशन (एफजीडी) सिस्टम लगाने की अनिवार्यता खत्म कर दी गई है। दरअसल पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने देश के 78 प्रतिशत थर्मल पावर प्लांटों को फ्लू गैस डीसल्फराइज़ेशन (एफजीडी) सिस्टम लगाने से छूट प्रदान की है। केन्द्र सरकार ने कोयला आधारित ताप विद्युत संयंत्र के लिए एफजीडी के नियमों में बदलाव किया है। इससे बिजली की कीमतों में कमी आने की उम्मीद है।

**खास बात**

- एनजीटी के निर्देश पर तय समय सीमा पर संयंत्रों में लगाई जानी थी एफजीडी

उल्लेखनीय है कि एनजीटी ने विद्युत संयंत्रों से होने वाले प्रदूषण को कम करने के उद्देश्य से कोयला आधारित ताप विद्युत संयंत्रों में एफजीडी सिस्टम लगाने का निर्देश दिया था। संयंत्रों में एफजीडी सिस्टम लगाने के लिए लगभग 500 से 600 करोड़ के खर्च का अनुमान था। यही वजह है कि संयंत्र प्रबंधन द्वारा एफजीडी सिस्टम लगाने को लेकर कोताही बरती जा रही थी। जिले में संचालित छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी के कोरबा पश्चिम व डीएसपीएम संयंत्र के अलावा जांजगीर जिले में स्थापित मड़वा ताप विद्युत संयंत्र में भी एनजीटी द्वारा एफजीडी सिस्टम लगाने का निर्देश जारी किया गया था। इसके लिए बकायदा समय सीमा का भी निर्धारण कर दिया गया था। तय समय अवधि तक एफजीडी सिस्टम नहीं लगाने पर एनजीटी द्वारा नियमानुसार कार्यवाही का निर्देश जारी किया गया था। जिसके तहत पुराने इकाइयों से कोयला उत्पादन बंद करना भी शामिल था। अब केन्द्र सरकार द्वारा एफजीडी सिस्टम लगाने की अनिवार्यता खत्म करने के बाद विद्युत संयंत्र प्रबंधन ने राहत की सांस ली है। उत्पादन कंपनी के अलावा एनटीपीसी, बालको, अडानी व जिले सहित प्रदेश में स्थापित अन्य निजी विद्युत संयंत्र प्रबंधनों को भी इसका लाभ मिलेगा।

### संयंत्रों एफजीडी लगाना था अनिवार्य

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2015 में सरकार ने सभी कोयला आधारित विद्युत संयंत्रों में एफजीडी सिस्टम लगाना अनिवार्य किया था। यह सिस्टम कोयले से निकलने वाली सल्फर डाइऑक्साइड ($SO_2$) गैस को कम करता है, जिसे वायु प्रदूषण का एक प्रमुख कारण माना जाता है। वहीं नए नियमों के तहत अब केवल उन संयंत्रों में एफजीडी सिस्टम लगाना जरूरी होगा जो 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों के 10 किलोमीटर के दायरे में स्थित हैं या अत्यधिक प्रदूषित क्षेत्रों में हैं। इससे देश के लगभग 79 प्रतिशत कोयला प्लांट इस शर्त के दायरे से बाहर आ जाएंगे और इस नियम से मुक्त रहेंगे। इसका मतलब है कि ये विद्युत संयंत्र बिना एफजीडी सिस्टम के काम कर सकेंगे, जिससे उनकी परिचालन लागत कम होगी।

### इस फैसले के पीछे क्या है कारण

सरकार का कहना है कि यह नीतिगत बदलाव कई वैज्ञानिक अध्ययनों और शोधों के आधार पर किया गया है। दिल्ली आईआईटी, सीएसआईआर-एनईईआरआई और नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडीज (एनआईएएस) की रिपोर्ट्स से पता चला है कि देश में ज्यादातर कोयले में सल्फर की मात्रा 0.5 प्रतिशत से कम है, जो अन्य देशों की तुलना में काफी कम है। इसके अलावा, देश के अधिकांश हिस्सों में सल्फर डाइऑक्साइड का स्तर 3-20 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर के बीच है, जो राष्ट्रीय वायु गुणवत्ता मानक (80 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर) से काफी नीचे है। शोध में यह भी पाया गया कि अगर सभी संयंत्रों में एफजीडी सिस्टम लगाए जाते, तो वर्ष 2025 से 2030 के बीच 6.9 करोड़ टन अतिरिक्त कार्बन डाइऑक्साइड ($CO_2$) उत्सर्जन होता। यह अतिरिक्त उत्सर्जन चूना पत्थर की खदानों और एफजीडी सिस्टम को चलाने के लिए जरूरी अधिक बिजली की खपत के कारण होता। इसके साथ ही देश के बिजली संयंत्रों की ऊंची चिमनियां और अनुकूल मौसमी परिस्थितियां सल्फर डाइऑक्साइड को हवा में फैलने में मदद करती हैं, जिससे इसका प्रदूषण प्रभाव कम रहता है।

### सभी को मिलेगा लाभ

नए नियमों से बिजली उत्पादन की लागत में प्रति यूनिट 25-30 पैसे की कमी आने की संभावना है। इस लागत में कमी का सीधा फायदा उपभोक्ताओं को उनके बिजली बिलों में दिखेगा। इसके अलावा पहले से ही आर्थिक चुनौतियों का सामना कर रही छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी को भी इस नीति से राहत मिलेगी। इससे राज्य सरकार का बिजली सब्सिडी पर होने वाला खर्च भी कम होगा, जिससे सरकारी खजाने पर बोझ घटेगा। पहले अनुमान लगाया गया था कि सभी संयंत्रों में एफजीडी सिस्टम लगाने की लागत 2.5 लाख करोड़ रुपये से अधिक होगी, यानी प्रति मेगावाट 1.2 करोड़ रुपये। इतना ही नहीं, एक सिस्टम लगाने में 45 दिन तक का समय लगता है, जिससे बिजली उत्पादन और ग्रिड स्थिरता पर भी असर पड़ता है। इस खर्च और समय की बचत से बिजली सस्ती और सुलभ होगी।

## उद्योग मंत्री के प्रयासों से सड़क डामरीकरण के लिए साढ़े तीन करोड़ की मिली स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


लखन देवांगन

वाणिज्य, उद्योग, सार्वजनिक उपक्रम, वाणिज्यिक कर (आबकारी) श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन के प्रयासों से नगर निगम क्षेत्र के 7 वार्डों के विभिन्न सड़कों के डामरीकरण के लिए साढ़े तीन करोड़ की स्वीकृति मिली हैं।

जिन सड़कों के डामरीकरण के लिए राशि की स्वीकृति मिली है उनमें वार्ड क्रमांक 54 कुमगरी मुख्य चौक से पंडाल होते हुए प्राथमिक शाला कुमगरी तक सड़क डामरीकरण कार्य लागत 40 लाख, वार्ड क्रमांक 52 अयोध्यापुरी मुख्य मार्ग बस स्टॉफ से होते हुए पाइप लाइन तक सड़क डामरीकरण कार्य 32 लाख, वार्ड क्रमांक 34 दादर कंकालीन मंदिर के सामने से जगन्नाथ मंदिर होते हुए मुख्य द्वार तक सडक डामरीकरण कार्य 1.18 करोड़, वार्ड क्रमांक 66 सुराकछार बस्ती में पीतांबर तंवर घर के पास से बलगी खदान मार्ग तक सड़क डामरीकरण कार्य लागत 25 लाख, वार्ड क्रमांक 40 पाड़ीमार क्रमांक 1 राकेश ठाकुर घर से बरगद चौक होते हुए इंदिरा मार्केट मुख्य मार्ग तक सड़क डामरीकरण कार्य 25 लाख, वार्ड क्रमांक 8 मोतीसागर पारा सीतामणी पवन टेंट के पास से गोकुल गंज तक सड़क डामरीकरण कार्य 20 लाख, वार्ड क्रमांक पीपरपारा मेनरोड से रामकुमारी घर तक एवं भवानी मंदिर से बाबूलाल घर तक सड़क डामरीकरण कार्य 90 लाख कुल 3.50 करोड़ के कार्यों की स्वीकृति नगरीय प्रशासन विकास विभाग ने अधोसंरचना मद 2025-26 वर्ष के अंतर्गत स्वीकृति नगर निगम को जारी की है।

**खास बात**

- नगरीय प्रशासन विभाग ने निगम की स्वीकृति आदेश किया जारी

### एकलव्य स्पोर्ट्स एरिना में 2 को होगी चयन स्पर्धा

**कोरबा।** रायपुर में अंडर 15 एवं अंडर 17 वायु वर्ग के खिलाडियों का योनेक्स सनराइज 24वीं छत्तीसगढ़ राज्य सब जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप आयोजित किया जाना है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए जिले की टीम का चयन किया जाना है। चयन स्पर्धा रविवार 2 नवम्बर को एकलव्य स्पोर्ट्स एरिना के भव्य डबल बैडमिंटन कोर्ट में सुबह नौ बजे से आयोजित होगी। जिला बैडमिंटन एसोसएशन के सचिव गोपाल शर्मा ने बताया कि अंडर 15 एवं अंडर 17 वायु वर्ग बैडमिंटन प्रतियोगिता रायपुर में 11 से 15 नवम्बर के बीच आयोजित होने जा रही है। इसके लिए चुनी जाने वाली जिले की टीम की चयन स्पर्धा में हिस्सा लेने के लिए सम्बंधित आयु वर्ग के खिलाडियों को पहले अपनी एंट्री करनी होगी। चयन स्पर्धा में भाग लेने के लिए प्रतिभागी खिलाड़ी को अपनी एंट्री इवेंट का नाम, अपना नाम, जन्म दिनांक, सीजीबीए आईडी के साथ 31 अक्टूबर को शाम 5 बजे तक एंट्री दर्ज करना होगा। निर्धारित तिथि के बाद अथवा बिना आईडी के एंट्री स्वीकार नहीं की जाएगी।

## एसईसीएल ने स्पेशल कैम्पेन 5.0 के तहत लगाए 43 बायो टॉयलेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



एसईसीएल ने अपने खनन क्षेत्रों में कार्यस्थलों पर स्वच्छता, समावेशिता और सतत विकास को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। कंपनी ने भारत सरकार के स्पेशल कैम्पेन 5.0 के अंतर्गत कुल 43 बायो टॉयलेट्स स्थापित किए हैं।

इस पहल के तहत 43 बायो टॉयलेट्स का लोकार्पण किया गया। इन आधुनिक शौचालयों की स्थापना से खनन क्षेत्रों में स्वच्छता अवसंरचना को सुदृढ़ करने के साथ ही पर्यावरण संरक्षण को भी बल मिला है। बायो टॉयलेट्स अपशिष्ट प्रबंधन की आधुनिक तकनीक पर आधारित हैं, जिनमें अपशिष्ट को सूक्ष्मजीव क्रिया के माध्यम से जल एवं गैस में परिवर्तित किया जाता है। इससे प्रदूषण में कमी आती है और जल संरक्षण को बढ़ावा मिलता है। एसईसीएल की यह पहल स्वच्छ भारत अभियान की भावना से प्रेरित है और कार्यस्थलों पर स्वच्छ, सुरक्षित एवं सम्मानजनक वातावरण सृजित करने की दिशा में कंपनी के संकल्प को दर्शाती है। विशेष रूप से महिला कर्मियों के लिए यह कदम कार्यस्थल पर गरिमा और सुविधा सुनिश्चित करने में मील का पत्थर साबित होगा। खनन क्षेत्रों में समावेशी और स्वच्छ कार्य परिवेश की दिशा में यह प्रयास एसईसीएल की जिम्मेदार खनन नीति और सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। स्पेशल कैम्पेन 5.0 भारत सरकार के प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग की देशव्यापी पहल है, जो 2 से 31 अक्टूबर तक आयोजित की जा रही है। इसके अंतर्गत मंत्रालयों और सार्वजनिक उपक्रमों में स्वच्छता, रिकॉर्ड प्रबंधन और लंबित प्रकरणों के निस्तारण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। एसईसीएल इस अभियान के तहत स्वच्छता, डिजिटलीकरण और जनसेवा से जुड़ी अनेक गतिविधियाँ लगातार संचालित कर रहा है।

## मवेशियों की तस्करी करने वाले भेजे गए जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


पुलिस गिरफ्त में मवेशी तस्कर।

मवेशियों की तस्करी करते हुए आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ छ०ग० कृषक पशु परिरक्षण अधि. 2004 की धरा 4, 6, 10 पशु कुरता का निवारण अधि. 1960 की धारा 11 (घ) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों को न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है।

उरगा थाना प्रभारी राजेश तिवारी को मुखबीर से सूचना मिली थी कि कुछ लोग चारपहिया वाहन में मवेशियों को बूचड़ खाना ले जा रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस की टीम ने घेराबंदी की और सफेद रंग के पीकप वाहन क्रमांक सीजी 29 ए 4865 में कुछ लोगों के द्वारा ग्राम सराईपाली पंचायत रिवापार से अवारा बैलों को पीकप में लोडकर जिला जशपुर बतोली से उत्तर प्रदेश तरफ बूचड़ खाना वध कर मांस बेचने के लिए लेकर जा रहे हैं जिसकी सूचना पर ग्राम सराईपाली बस्ती पंचायत रिवापार में जाकर घेराबंदी कर छापामार कार्यवाही किया गया जो मौके पर एक सफेद रंग का पीकप वाहन आते दिखा जिसे रूकवाकर चेक किया गया जो उक्त पीकप वाहन के छोटे डाला में 7 रास बैल को रखा गया था जिससे उनको काफी परेशानी हो रही थी वाहन के केबिन में एक चालक और दो व्यक्ति बैठे हुए थे जिनसे पूछताछ करने पर वाहन चालक ने अपना नाम काशाबेल निवासी सन बहाल राम यादव उम्र 36 वर्ष पिता जंगु राम यादव तथा बैठे व्यक्यिों ने अपना नाम दिनेश राम उम्र 35 वर्ष पिता बबलू राम, मंगलू यादव उम्र 32 वर्ष पिता उमेन्द्र राम यादव बताया तथा उनके अन्य साथी पिकअप वाहन के पीछे से आ रही प्लसर मोटर सायकल में तीन व्यक्ति बैठकर आ रहे थे और पुलिस को देखकर दो व्यक्ति अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए उनमे से एक व्यक्ति मिला जिसने अपना नाम खीकराम बघेल उम्र 35 वर्ष पिता स्व० जनक राम बघेल बताया। पुलिस ने सभी आरोपियों के विरुद्ध छग कृषक पशु परिरक्षण अधि. 2004 की धरा 4, 6, 10 पशु क्रूरता का निवारण अधि. 1960 की धारा 11 (घ) के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

## एसईसीएल वेलफेयर बोर्ड के सदस्यों ने कॉलोनी में गंदगी को लेकर जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


कालोनी में पसरी गंदगी।

एसईसीएल वेलफेयर बोर्ड के सदस्यों ने कुसमुंडा क्षेत्र का दौरा कर क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान टीम ने अस्पताल, कॉलोनी सहित अन्य स्थलों पर पहुंचकर एसईसीएल प्रबंधन द्वारा कराए जा रहे कार्यों की जानकारी अधिकारियों से ली। टीम ने डिसेंट हाउसिंग स्कीम के अंतर्गत चल रहे कार्यों की भी समीक्षा की।

उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व कर्मियों द्वारा इस योजना में खामियों की शिकायतें की गई थीं। वेलफेयर बोर्ड के सदस्यों ने इन शिकायतों पर गंभीरता से विचार करते हुए अधिकारियों से सुधार की स्थिति की जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान सदस्यों ने कॉलोनी परिसर में कई स्थानों पर गंदगी और कचरे के ढेर देखे। इस पर उन्होंने संबंधित प्रबंधकों को तत्काल सफाई कराने के निर्देश दिए तथा साफ-सफाई के बाद की तस्वीरें तत्काल मंगवाईं। प्रबंधन की ओर से बताया गया कि आवासीय परिसरों में सफाई व्यवस्था और अन्य मूलभूत सुविधाओं की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है। वेलफेयर बोर्ड की टीम आगे दीपका और गेवरा क्षेत्रों का भी निरीक्षण करेगी, जहां विकास और रखरखाव कार्यों की स्थिति का जायजा लिया जाएगा।

### नाबालिग किशोरी से छेड़छाड़ करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**कोरबा।** उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत निवासरत एक व्यक्ति ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 2 अक्टूबर की सुबह लगभग 3 बजे उसकी नाबालिग पुत्री अचानक जोर से चिल्लाई और बतायी की गांव का नंद कुमार केंवट घर के अंदर जबरन घुसकर उसके साथ गलत काम व बेईज्जती करने की नियत से उसके हाथ बांह को पकड़कर खींच रहा था। नाबालिग किशोरी के पिता की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामले में नन्द कुमार केंवट उम्र 22 बर्ष पिता राम केंबट को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।




# कलेक्टर ने ली राजनीतिक दलों की बैठक एसआईआर के संबंध में दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार वर्ष 2025-26 के लिए मतदाता सूची के वार्षिक विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की तिथियाँ घोषित की गई हैं। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जिले में प्रिंटिंग एवं प्रशिक्षण कार्य 28 अक्टूबर से 3 नवंबर तक किया जाएगा। इसके पश्चात 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक घर-घर सर्वेक्षण एवं सूचीकरण कार्य संचालित होगा। इसके बाद 9 दिसंबर को मसौदा मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी। मसौदा सूची पर दावे एवं आपत्तियाँ 9 दिसंबर से 8 जनवरी तक प्राप्त की जाएंगी। प्राप्त दावे-आपत्तियों का परीक्षण, सुनवाई एवं सत्यापन कार्य 31 जनवरी तक पूर्ण कर 7 फरवरी को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। विशेष पुनरीक्षण कार्य को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए जिले के समस्त नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बी.एल.ओ. (बूथ लेवल अधिकारी) की नियुक्ति की जा चुकी है। प्रत्येक मतदान केन्द्र हेतु एक बी.एल.ओ. को नामित किया गया है जो 4 नवंबर से घर-घर जाकर पात्र नागरिकों की जानकारी संकलित करेंगे तथा फॉर्म-6, 7, 8 एवं 8ए का वितरण और संग्रहण करेंगे। सभी बी.एल.ओ. को निर्वाचन कार्यालय द्वारा प्रशिक्षण, मार्गदर्शन पुस्तिका एवं पहचान पत्र उपलब्ध कराए गए हैं। इसके साथ ही पर्यवेक्षक अधिकारी एवं सहायक निर्वाचक निबंधक को निगरानी हेतु नियुक्त किया गया है ताकि कार्य समयसीमा में गुणवत्तापूर्वक पूरा किया जा सके।

**खास बात**

- 4 नवंबर से घर -घर सर्वेक्षण होगा प्रारंभ, मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम 7 फरवरी तक जारी

### 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवा कराएं नाम दर्ज

जिला निर्वाचन कार्यालय कोरबा ने बताया कि 1 जनवरी को 18 वर्ष या उससे अधिक आयु प्राप्त करने वाले नागरिक अपना नाम मतदाता सूची में सम्मिलित करा सकते हैं। नाम जोड़ने, सुधार अथवा विलोपन के लिए नागरिक अपने संबंधित बी.एल.ओ., मतदान केन्द्र या निर्वाचन कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं। सुविधा हेतु आवेदन अथवा वोटर हेल्पलाइन ऐप के माध्यम से ऑनलाइन भी किए जा सकते हैं। जिला प्रशासन कोरबा ने सभी पात्र नागरिकों से अपील की है कि वे अपने नाम की पुष्टि अवश्य करें और यदि नाम सूची में दर्ज नहीं है तो शीघ्र आवेदन प्रस्तुत करें। हर योग्य मतदाता का नाम जुड़ना लोकतंत्र की जड़ें और मजबूत करता है।

